# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, सेंधवा (सा) वनमण्डल,सेंधवा
## जिला – बड़वानी (म.प्र.)

Tel & Fax (o) 07281-228408 (Pin code- 451666) Email - Dfotsndwa@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / 2018 / 3818 सेंधवा,दिनांक 30/10/18

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन बड़वानी

विषयः– जिला बड़वानी के अंतर्गत सुसरी तालाब सिचाई परियोजना निर्माण हेतु 75.75 हेक्टयर वन भूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बावत्। (वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत लम्बित ऑनलाईन प्रस्ताव के संबंध में)

संदर्भ :– (1) कार्य पालन यंत्री जल संसाधन सभाग बड़वानी का पत्र कमांक / 1843 दिनांक 18.05. 2018 (प्राप्त दिनांक 21.05.2018)
(2) इस कार्यालय का पृ.क. / मा.चि. / 3682 दिनांक 16.10.2018
(3) आपका पत्र कमांक / 3894 / कार्य / सुसरी नदी दिनांक 29.10.2018

---000---

आपके द्वारा विषयांकित प्रस्ताव प्रकरण कमांक FP/MP/IRRIG/ 32211/2018 ऑनलाईन प्रकिया अनुसार वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत दिनांक 21.05.2018 को प्राप्त हुआ है। तद्उपरान्त उक्त मूलतः प्रस्ताव की एक प्रति उपवनमंडलाधिकारी को 24.05.2018 द्वारा सयुक्त स्थल निरीक्षण करने हेतु प्रस्ताव निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार पूर्ण कर प्रपत्र भाग–02 में पूर्तिया की जाकर जी.पी.एस.रीडिंग एवं कक्षवार वन्यप्राणियों की जानकारी सहित प्रतिवेदन चाहा गया। जिसके पालन में सयुक्त स्थल निरीक्षण उपरान्त आपके द्वारा भी संदर्भित पत्र कमांक 03 से सूचित किया गयसा कि, स्थल पर योजना के एफ.टी.एल. अनुसार सम्पूर्ण क्षेत्र में डूब के निशान अंकित किये जाने के उपरान्त जी.पी.एस. रीडिंग ली जाकर केएमएल फाईल तैयार की गई। तद्नुसार वन भूमि का क्षेत्रफल 28.08 हेक्टर ही पाया गया।

अतः आपके द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में प्रभावित वनभूमि 75.75 हेक्टर के स्थान पर 28.08 हेक्टर वनभूमि ही प्रभावित होने से इस कार्यालय के पृ कमांक / मा.चि. / 3682 दिनांक 16.10.2018 द्वारा आपको लेख किया गया कि प्रभावित वनभूमि 28.08 हेक्टर के संशोधित प्रस्ताव भाग–1 में ऑनलाईन प्रस्तुत करावे। साथ ही भाग–1 में लगने वाले समस्त प्रस्ताव चेक लिस्ट अनुसार 28.08 हेक्टर के ही प्रस्तुत करे।

(के.एस.पट्टा)
(भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी, सेंधवा (सा.)

पृ.क. / मा.चि. / 2018 / 3819 सेंधवा,दिनांक 30/10/18

प्रतिलिपि :– (1) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) सतपुडा भवन भोपाल की ओर आपके दूरभाष संदेश दिनांक 30.10.2018 के तारतम्य में सूचनार्थ सम्प्रेषित।
(2) मुख्य वन संरक्षक खण्डवा वृत्त खण्डवा की ओर इस कार्यालय के पृ.क. / मा.चि. / 3682 दि. 16.10.2018 के तारतम्य में सूचनार्थ सम्प्रेषित।
(3) वन संरक्षक वनमंडल बड़वानी की ओर इस कार्यालय के पृ.क / मा.चि. / 3682 दिनांक 16. 10.2018 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
(4) अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उप संभाग पानसेमल की ओर इस कार्यालय के पृ. क. / मा.चि. / 3682 दिनांक 16.10.2018के संदर्भ में सूचनार्थ एवं तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जावें।
(5) उपवनमंडलाधिकारी सेंधवा एवं वन परिक्षेत्राधिकारी पानसेमल [redacted] की ओर इस कार्यालय के पृ.क. / मा.चि. / 3682 दिनांक 16.10.2018के संदर्भ में सूचनार्थ एवं तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल सेंधवा, (सामान्य)